पशु पोषण विभाग
पशु चिकित्सा महाविद्यालय
ला. ला. राय. प. चि. एवं प. वि. वि., हिसार–125004

डा. सज्जन सिहाग
प्रोफैसर एवं हैड

कमांकः 2052-66
दिनांकः 04-02-2026

विषयः 'संतुलित आहार व खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व' पर प्रशिक्षण

श्रीमान / श्रीमती,

आपको सूचित करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि पशु पोषण विभाग, **ला. ला. राय. प. चि. एवं प. वि. वि.**, हिसार में हरियाणा प्रदेश के अनुसूचित जाति के युवक एवं युवतियों के लिए **'संतुलित आहार व खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व'** पर **17 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026** तक एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोज़गार हेतु **'संतुलित आहार व खनिज मिश्रण बनाने व उनके उपयोग** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जायेगी। कुल 28 (20 अनुसूचित जाति +8 अन्य जाति ) प्रशिक्षणार्थियों का योग्यता के आधार पर विभागीय चयन समिति द्वारा चयन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति के युवक एवं युवतियों के लिए निःशुल्क होगा व (अनुसूचित जाति के युवक एवं युवतियों को) प्रति प्रशिक्षणार्थी 100 रुपये प्रतिदिन खाने के व 100 रुपये प्रतिदिन मानदेय भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण की सफलता पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएगें। प्रशिक्षणार्थी 10वीं पास होना चाहिए लेकिन वरियता उच्च शिक्षा को दी जायेगी। अन्य जाति के युवक एवं युवतियों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिलेगा। इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों के आवेदन पत्र निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में **13.02.2026** तक पहुँच जाने चाहिए। विषय विवरण व आवेदन पत्र का प्रारुप सलंग्न है।

संलग्न : उपरोक्त

(सज्जन सिहाग)
Prof. & Head
Deptt. of Animal Nutrition
LUVAS, Hisar

**प्रष्ठांकन कमांकः**

दिनांकः 04-02-26

इस पत्र की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

1. सलाहकार, कुलपति **ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि. वि.**, हिसार, कुलपति महोदय के सूचनार्थ हेतु।
2. सभी अधिष्ठाता / निदेशक / अधिकारी, **ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि. वि.,**, हिसार।
3. सभी अधिष्ठाता / निदेशक / अधिकारी, चौ. च. सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।
4. संयोजक, सभी पशु व कृषि विज्ञान केन्द्र, ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि. वि. **व** चौ. च. सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।
5. सभी विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, चौ. च. सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।
6. प्रबन्धक, किसान सेवा केन्द्र, चौ. च. सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।
7. लाईब्रेरियन, नेहरु पुस्तकालय, चौ. च. सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।
8. जनसम्पर्क अधिकारी, **ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि. वि.**, हिसार।
9. **कम्पूटर सैंटर, विश्वविद्यालय वैबसाइट के लिये।**
10. **सभी जिलाधीश, व अपर जिलाधीश हरियाणा।**
11. निदेशक, पशुपालन व कृषि विभाग हरियाणा, पंचकुला।
12. जिला रोज़गार अधिकारी, हिसार।
13. अध्यक्ष, अनुसूचित जाति कल्याण निगम, हिसार।
14. जिला वल्फेयर अधिकारी।
15. निदेशक, समाजिक कल्याण विभाग हरियाणा,।

**नोटः– सभी सरपंच महोदय से निवेदन है कि अपने गांव से योग्य उम्मीदवार इस प्रशिक्षण में भेजने की कृपा करें।**

दूरभाष : 01662 256118

# ‘संतुलित आहार व खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व’ पर प्रशिक्षण

## 17 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026

पशु पोषण विभाग
पशु चिकित्सा महाविद्यालय
ला. ला. राय. प. चि. एवं प. वि., वि.
हिसार–125004

# संतुलित आहार व खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व
# 17 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026

## पृष्ठभूमि :

अधिकतर अनुसूचित जाति से सम्बन्धित ग्रामीण परिवार या तो भूमिहीन हैं या सीमान्त किसान हैं और अपने परिवार के पालन पोषण में असमर्थ हैं। पशुपालन इस दिशा में उनकी सहायता कर सकता है। पशुपालन में कुल व्यय का लगभग 70 प्रतिशत भाग आहार का होता है। इसलिए इस व्यवसाय को सफल व लाभकारी बनाने के लिए आवश्यक है कि आहार संतुलित व सस्ता हो। परन्तु किसान अज्ञानतावश या आर्थिक कारणों से असंतुलित आहार खिलाते हैं जिसके कारण न केवल दूध अपितु मांस, अंडे इत्यादि में भी कमी आती है। इसके अलावा किसानों को मिलावट व खनिज तत्वों की जानकारी भी कम होती है जिनकी कमी व अधिकता दोनो ही हानिकारक हैं जैसे कि फ्लोरीन व सेलेनियम उत्पादन व प्रजनन दोनो पर ही कुप्रभाव डालता है और पशु विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। पोषक तत्वों के अभाव व असंतुलन से बहुत सारी बिमारियां जैसे कि दुग्ध ज्वर, कीटोसीस, अफारा, लाल मूत्र रोग, रिकेटस इत्यादि हो जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में पशु खाद्य उद्योग लगभग 10 मिलियन मिट्रिक टन मिश्रित आहार का उत्पादन करता है जबकि आवश्यकता 60 मिलियन मिट्रिक टन  दाने की है। इसलिए अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक व युवतियों अपने उद्योग लगा सकते हैं। इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु संतुलित आहार बनाना, खनिज मिश्रण बनाना, मिलावट जांचना व नए पशु खा़द्य पदार्थ बनाने की नवीनतम तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

## उ़देश्य:

1. प्रक्षिणार्थियों को संतुलित आहार व खनिज मिश्रण के महत्व की जानकारी देना।
2. प्रशिक्षणार्थियों को संतुलित आहार एवं खनिज मिश्रण बनाना, आहार में मिलावट जांचनें व अन्य उत्पाद बनाने के बारे में जानकारी देना।
3. प्रशिक्षणार्थियों को पशु खाद्य उद्योग लगाने हेतु अवगत कराना व प्रेरित करना।

**पाठ्यक्रम:**

पशु आहार का वर्गीकरण, पशु आहार में प्रयोग होने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थ, पशु खाद्य पदार्थ खरीदते समय सावधानियां व तरीके, निम्न स्तरीय चारों की पोषकता बढ़ाना, पूरे साल हरे चारे का प्रबंधन, चारे की कमी के समय आहार प्रबंधन, खनिज मिश्रण ब्लाक बनाना, पूर्ण आहार ब्लाक बनाना, पशु आहार में पाये जाने वाले हानिकारक तत्वों से पशुओं को बचाने के उपाय, पशु–पक्षियों की विभिन्न अवस्थाओं के लिए संतुलित आहार बनाना, पशु आहार में मिलावट की जांच, पशु आहार निर्माणीय संयत्रों के बारे में जानकारी, उद्योग के लिए ऋण व बीमा की जानकारी।

**प्रशिक्षण निदेशक:** डा. सज्जन सिहाग, प्रोफैसर एवं हैड,
पशुपोषण विभाग, पशु चिकित्सा महाविद्यालय

**प्रशिक्षण संयोजक :** डा. नैन्सी श्योराण, असिस्टेन्ट प्रोफैसर,,
पशु पोषण विभाग पशु चिकित्सा महाविद्यालय
ला. ला. राय. प. चि. एवं प. वि. वि., हिसार–125004

**रजिस्ट्रेशन फीस व यात्रा सम्बन्धी प्रबन्ध :**

यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। अनुसूचित जाति से सम्बन्धित प्रति प्रशिक्षणार्थी को 100 रुपये प्रतिदिन खाने के व 100 रुपये प्रतिदिन मानदेय भी दिया जाएगा। अन्य जाति के युवक एवं युवतियों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिलेगा। प्रशिक्षण की सफलता पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएगें।

**प्रशिक्षणार्थियों के लिए निर्देश**

इस प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति व अन्य जातियों के युवक व युवतियॉ आवेदन कर सकते है। कुल 28 (20 अनुसूचित जाति +8 अन्य जाति ) प्रशिक्षणार्थियों के आवेदन योग्यता के आधार पर पंजीकृत किये जाऍगें। आवेदन करने के लिए आवेदक की न्यूनतम योग्यता दसवीं पास होनी चाहिए। उच्च शिक्षा को प्राथमिकता दी जायगी। इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों को अपनी जाति का प्रमाण पत्र की प्रति सम्बन्धित गॉव के सरपंच या शहर के नगर पार्षद से सत्यापित करवा कर लाना होगा। आवेदक **13.02.2026** तक संलग्न आवेदन पत्र निम्नलिखित के कार्यालय में पहुॅचा दें।

प्रोफैसर एवं हैड, पशु पोषण विभाग,
पशु चिकित्सा महाविद्यालय
ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि., वि. हिसार–125004
दूरभाष : 01662–256118 (ऑफिस)

# संतुलित आहार व खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व' पर प्रशिक्षण

अतिरिक्त आवेदन हेतु फोटोस्टैट कापी करवा सकते हैं **(अनुसूचित जाति )**

**स्थान : पशु पोषण विभाग**
**पशु चिकित्सा महाविद्यालय**
**ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि., वि., हिसार–125004**

| फोटो<br><br>सरपंच,नगर पार्षद<br>या<br>राजपत्रित अधिकारी<br>द्वारा सत्यापित |
|---|

**प्रशिक्षण अवधि : 17 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026**

**चेतावनीः केवल एक बार ही आप यह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।**

---

1. प्रशिक्षणार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता/पति का नाम एवं व्यवसाय :
3. जाति :
4. शैक्षणिक योग्यता

| | ( दसवीं ) | ( +2 ) | (बी ए/ बी एस सी ) | (एम ए/एम एस सी) |
|---|---|---|---|---|
| अंक | ( ) | ( ) | ( ) | ( ) |
| अंक प्रतिशत | ( ) | ( ) | ( ) | ( ) |

5. दूरभाष :
6. लिंग (स्त्रीलिंग/पुलिंग) :
7. जन्म तिथि :
8. व्यवसाय :
9. आवेदक के पास पशुओं की संख्या :
10. डाक के लिए पूरा पता :
12. आप यह प्रशिक्षण क्यों लेना चाहते है :
13. आप ने अब तक विश्वविद्यालय में कितने प्रशिक्षण लिये है :
14. क्या आप ने यह प्रशिक्षण पहले लिया है :
15. आपके घर से शहर कितना दूर है :
16. क्या आप ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र संलग्न किया है :

दिनांकः

हस्ताक्षर
प्रार्थी

---

**मैं प्रमाणित करता/ करती हूं कि उपरोक्त जानकारी सही हैं। मैंने यह प्रशिक्षण पहले प्राप्त नहीं किया है।**

हस्ताक्षर
प्रार्थी

# संतुलित आहार व खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व' पर प्रशिक्षण

अतिरिक्त आवेदन हेतु फोटोस्टैट कापी करवा सकते हैं **( अन्य जाति )**

**स्थान : पशु पोषण विभाग**
**पशु चिकित्सा महाविद्यालय**
**ला. ला. रा. प. चि. एवं प. वि., वि., हिसार–125004**

फोटो

सरपंच,नगर पार्षद
या
राजपत्रित अधिकारी
द्वारा सत्यापित

**प्रशिक्षण अवधि : 17 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026**

**चेतावनीः केवल एक बार ही आप यह प्रषिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।**

---

1. प्रशिक्षणार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता/पति का नाम एवं व्यवसाय : :

| 3. शैक्षणिक योग्यता | ( दसवीं ) | ( +2 ) | (बी ए/ बी एस सी ) | (एम ए/एम एस सी) |
|---|---|---|---|---|
| अंक | (   ) | (   ) | (   ) | (   ) |
| अंक प्रतिशत | (   ) | (   ) | (   ) | (   ) |

4. दूरभाष :
5. लिंग (स्त्रीलिंग/पुलिंग) :
6. जन्म तिथि :
7. व्यवसाय :
8. आवेदक के पास पशुओं की संख्या :
9. डाक के लिए पूरा पता :
12. आप यह प्रशिक्षण क्यों लेना चाहते है :
13. आप ने अब तक विश्वविद्यालय में कितने प्रशिक्षण लिये है :
14. क्या आप ने यह प्रशिक्षण पहले लिया है :
15. आपके घर से शहर कितना दूर है :

:

दिनांकः

हस्ताक्षर
प्रार्थी

---

**मैं प्रमाणित करता/ करती हूं कि उपरोक्त जानकारी सही हैं। मैंने यह प्रशिक्षण पहले प्राप्त नहीं किया है।**

हस्ताक्षर
प्रार्थी